HUMAN RIGHTS AT SEA

समुद्री परिवेश में व्यवसाय और मानव अधिकार भाग **1**

संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों को लागू करना

व्यापार और मानव अधिकारों पर 2011 संयुक्त राष्ट्र के व्यवसाय और मानवाधिकारों पर मार्गदर्शक सिद्धांत व्यापार और मानव अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक मार्गदर्शन हैं। आमतौर पर इन्हें मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में जाना जाता है, वे तीन-स्तंभ के मुख्य ढांचे पर आधारित होते हैं।

सुरक्षा (पहला स्तंभ)

पहला स्तंभ है किसी भी तीसरे पक्ष, व्यापार सहित द्वारा मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ संरक्षण का राज्य कर्तव्य। संरक्षण के विभिन्न रूप हैं, जैसे प्रभावी नीतियां, राष्ट्रीय कानून, नियम तथा प्रवर्तन।

सम्मान (दूसरा स्तंभ)

दूसरा स्तंभ है मानव अधिकारों के सम्मान के लिए एक व्यावसाय की कॉर्पोरेट जिम्मेदारी, जिसका अर्थ है कि व्यवसाय को दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और उन्हें बाद में किसी भी नकारात्मक प्रभावों से निपटना होगा जो उनके कारण हो सकता है।

उपाय (तीसरा स्तंभ)

तीसरा और अंतिम स्तंभ है व्यापार संबंधित मानव अधिकारों के हनन के पीड़ितों के लिए प्रभावी उपाय तक अधिक पहुंच की आवश्यकता। इसका अर्थ यह है कि व्यवसायों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि किसी भी प्रकार के हनन का व्यापक पैमाने पर निराकरण किया जाए और उन्हें अनदेखा न किया जाए।

मानव अधिकारों का सम्मान करने हेतु कॉर्पोरेट जिम्मेदारी

दूसरा स्तंभ, मानव अधिकारों का पालन करने की कॉर्पोरेट जिम्मेदारी समुद्री परिवेश में कार्य करने वाले सभी व्यावसायिक उद्यमों पर लागू होता है।

इसमें समुद्री आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत सभी व्यवसाय जैसे कि डिजाइन, निर्माण और जहाजों के संचालन, दलाल सेवाओं, शिपयार्ड, ड्राई-डॉक्स, पोर्ट सेवाओं, माल अग्रेषण, बीमा और भर्ती जैसे सभी व्यवसाय शामिल हैं।

अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी को लागू करना

समुद्री क्षेत्र के व्यवसायों की अपने कर्मचारियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी होती है इसलिए उनके पास मानवाधिकार सम्यक तत्परता समीक्षा, सचेतकता, सूचना और आश्वासन तथा बचाव जैसी महत्वपूर्ण नीतियां होनी चाहिए।
व्यवसाय का कर्तव्य है कि वे जहाजियों, मछुआरों और उनके परिवार के मानवाधिकारों के हनन से पीड़ित होने, खो जाने या लापता हो जाने की जांच करें और प्रभावी उपाय प्रदान करें।

मानवाधिकार संबंधी सम्यक तत्परता

आंकलन

मानवाधिकार सम्यक तत्परता को पांच अलग-अलग क्षेत्रों में बांटा गया है।

आंकलन व्यवसाय के संचालन के सभी क्षेत्रों में मानव अधिकारों के प्रभाव को देखता है

जवाबदेही

जवाबदेही आंकलन का उपयोग करके वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर लिए गए निर्णयों के आधार पर मानवाधिकार के प्रभाव की जांच करता है।

निगरानी

निगरानी में यह देखा जाता है की व्यवसाय कितने प्रभावी ढंग से मानव अधिकारों पर होने वाले किसी भी प्रभाव का निराकरण करता है।

पारदर्शिता

पारदर्शिता में निगरानी रखी जाती है कि कितने अच्छे तरीके से एक व्यवसाय अपनी अनौपचारिक चर्चाओं, बैठकों या सूचना के माध्यम से मानवाधिकारों पर किसी भी प्रभाव के बारे में अपने हिस्सेदारों को सूचित करता है।

उपाय

उपाय यह सुनिश्चित करता है कि एक व्यवसाय सार्वजनिक रूप से सूचित करने योग्य सक्रिय और पारदर्शी तरीके से मानव अधिकारों पर किसी भी नकारात्मक प्रभाव को ख़त्म कर देता है।

मानवाधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी एक लगातार परक्रयिा है। इसे कभी भी टालना नही चाहिए, न तो जानबूझकर, न ही आकस्मिक चूक से।

हर व्यवसाय की योजना और परिचालन संबंधी विचारों में मानव अधिकारों की रक्षा सबसे अग्रणी होनी चाहिए।

Human Rights at Sea | Langstone Technology Park | Langstone Road | Havant | PO9 1SA | UK
enquires@humanrightsatsea.org
www.humanrightsatsea.org
www.justgiving.com/hras/donate **GB19 BARC 2069 3410 8686 55**
www.facebook.com/humanrightsatsea/
@hratsea
https://www.linkedin.com/company/human-rights-at-sea

Supported by seafarers UK John Ellerman Foundation
Designed by Marlins